**हड़कंप** | बीते एक महीने में 8 से ज्यादा बाघ काल के गाल में समा गए

# गिर के 34 शेरों को निगलने वाला वायरस अब कान्हा में 8 बाघों की मौत से हड़कंप, आखिर क्यों मौन है प्रशासन?



**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट के कान्हा नेशनल पार्क में बीते एक महीने में 8 से ज्यादा बाघ काल के गाल में समा गए. यहां पर भूख से तो कभी टेरिटोरियल फाइट की वजह से बाघों की मौत हो रही है. इस बीच एक वायरस कैनाइन डिस्टेंपर वायरस का नाम भी गूंज रहा है. आशंका है कि इसी वायरस ने अमाही और उसका परिवार निगल लिया।

साल 2026 पर्यावरण प्रेमियों के लिए निराशा से भरा रहा है. दरअसल, इस साल अब तक देश भर में 70 से ज्यादा बाघों की मौत हो चुकी है. वहीं, इसमें लगभग 42 प्रतिशत बाघों की मौत के मामले टाइगर स्टेट वाले मध्य प्रदेश से आए है. ऐसे में टाइगर स्टेट में टाइगर की मौत ने सिस्टम पर ही सवाल खड़ा कर दिया है. दरअसल, इस साल एमपी में लगभग 30 से ज्यादा बाघों की मौत के मामले सामने आए है. वहीं, भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून की रिपोर्ट ने कान्हा नेशनल पार्क को बाघों के लिए सबसे अच्छा आवास घोषित किया है. लेकिन बीते एक महीने से जो मामले सामने आए है, उससे कान्हा प्रबंधन पर ही सवाल खड़े हुए है.

बालाघाट के कान्हा नेशनल पार्क में बीते एक महीने में 8 से ज्यादा बाघ काल के गाल में समा गए . यहां पर भूख से तो कभी टेरिटोरियल फाइट की वजह से बाघों की मौत हो रही है. इस बीच एक वायरस कैनाइन डिस्टेंपर वायरस का नाम भी गूंज रहा है. आशंका है कि इसी वायरस ने अमाही और उसका परिवार निगल लिया.

बालाघाट के कान्हा नेशनल पार्क में बाघों की मौत का सिलसिला 21 अप्रैल को 18 महीने से कम उम्र में मौत हुई. वहीं, दूसरा शावक 24 अप्रैल, तीसरा शावक 25 अप्रैल को और 29 अप्रैल को दो शावकों की मौत हुई है. यह घटना वहीं है, जिसमें अमाही और उसके चार शावकों की मौत हुई थी. अब हाल ही में 19 मई को 6 साल वयस्क नर बाघ की मौत हुई थी. इन सभी मौतों के लिए कैनाइन डिस्टेंपर वायरस को माना गया।

## 13 केंद्रो पर किसानों का किया जा रहा है पंजीयन

**बालाघाट।** भारत सरकार की सपोर्ट प्राईस स्कीम योजना के अंतर्गत विपणन वर्ष 2026-27 में ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाना है। इसके लिए कृषि विभाग द्वारा 25 मई से किसानों का पंजीयन शुरू कर दिया गया है। किसानों के पंजीयन की अंतिम तिथि 15 जून 2026 निधारित है। प्रदेश सरकार द्वारा उडद की खरीदी पर 600 रुपए प्रति क्विंटल का बोनस भी दिया जाएगा। उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि वर्ष 2026-27 में ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द के समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए किसान 15 जून 2026 तक ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन नहीं कराने वाले किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल नहीं खरीदी जाएगी। जिले में किसानों के पंजीयन के लिए 13 केन्द्र बनाए गए है।

# मोहगांव में लोक कल्याण मेले का किया गया आयोजन

### मेले में पीएम स्वनिधि योजना के हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति एवं वितरण



**नवभारत, बालाघाट।** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के तहत शहरी पथ विक्रेताओं को स्वरोजगार एवं आर्थिक सशक्तिकरण से जोड़ने के उद्देश्य से नगर पालिका मलाजखंड द्वारा 08 जून को न्यू बस स्टैंड मोहगांव में लोक कल्याण मेले का आयोजन किया गया। यह आयोजन आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार 01 जून से 30 जून 2026 तक आयोजित किए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का आयोजन संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशों के परिपालन में किया गया। मेले में नगर पालिका अध्यक्ष श्री मानसिंह मरावी, सभापति श्री मधु शेंद्रे, पार्षदगण एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री दिनेश बाघमारे की गरिमामयी उपस्थिति रही।

शिविर के दौरान पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत 15 हजार रुपये ऋण के 07 हितग्राहियों, 25 हजार रुपये ऋण के 05 हितग्राहियों तथा 50 हजार रुपये ऋण के 04 हितग्राहियों को ऋण स्वीकृत कर वितरण किया गया। इसके अलावा एक हितग्राही को क्रेडिट कार्ड एवं एक हितग्राही को डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए क्यूआर कोड प्रदान किया गया।

लोक कल्याण मेले में हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ने की दिशा में भी विशेष प्रयास किए गए। पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 15 हजार, 25 हजार एवं 50 हजार रुपये ऋण श्रेणियों के कुल 13 नवीन आवेदन प्राप्त किए गए। वहीं क्रेडिट कार्ड हेतु 02 नवीन आवेदन दर्ज किए गए। शिविर में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से श्रम योगी मानधन योजना के तहत 21 हितग्राहियों का पंजीयन कर उन्हें कार्ड वितरित किए गए।

# जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक जिले में चलेगा विशेष अभियान




**नवभारत, बालाघाट।** केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश पर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून तक विविध गतिविधियों एवं जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

विश्व पर्यावरण दिवस से शुरू पौधारोपण के कार्यक्रम में प्रत्येक विकासखण्ड व नगरीय निकायों में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान में विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सामाजिक संगठनों को जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर 21 जून तक विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अभियान में पीपल, आम, बरगद, नीम आदि के वृक्षारोपण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय विकास एवं आवास, वन विभाग, उद्यानिकी विभाग इस अभियान को क्रियान्वित करायेंगे। अभियान के दौरान प्लास्टिक अपशिष्ट की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। इस अभियान में ग्रामीण क्षेत्र के लिए ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय क्षेत्र के लिये नगरीय विकास एवं आवास विभाग नोडल विभाग रहेगा। साथ ही शासकीय कार्यालय भवन, स्कूल भवन, छात्रावास भवन आदि में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा और जल स्रोतों के सफाई एवं गहरीकरण आदि गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

# तीन दिवसीय सतत् व्यावसायिक विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



**नवभारत, बालाघाट।** महर्षि विद्या मंदिर, बालाघाट में दिनांक 8 जून से शिक्षकों के सतत् व्यावसायिक विकास हेतु तीन दिवसीय इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एवं कोर्स डायरेक्टर श्री सतीश कुमार चौरसिया, रिसोर्स पर्सन श्री नीरज तिवारी तथा विद्यालय परिवार के 42 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

प्रथम दिवस का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन तथा माँ सरस्वती, गुरु परंपरा एवं महर्षि महेश योगी जी के छायाचित्रों पर माल्यार्पण के साथ हुआ। गुरु पूजन के उपरांत भावातीत ध्यान शिक्षिका श्रीमती सुनीता तिवारी के कुशल निर्देशन में भावातीत ध्यान, भावातीत ध्यान सिद्धि कार्यक्रम तथा यौगिक उड़ान का सामूहिक अभ्यास कराया गया।

महर्षि विद्या मंदिर राष्ट्रीय कार्यालय द्वारा निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार कार्यक्रम का संचालन किया गया। सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कोर्स डायरेक्टर श्री सतीश कुमार चौरसिया ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में शिक्षक प्रशिक्षण की महत्ता पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि विद्यालय समूह के अध्यक्ष वेद मार्तण्ड ब्रह्मचारी श्री गिरीशचंद्र वर्मा जी के कुशल मार्गदर्शन में शिक्षकों के सतत् व्यावसायिक विकास हेतु ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम देशभर के महर्षि विद्या मंदिर विद्यालयों में नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं।

प्रथम शैक्षणिक सत्र में रिसोर्स पर्सन श्री नीरज तिवारी ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण के महत्व पर चर्चा की तथा सीबीएसई की अध्ययन योजनाके प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला।

## विद्यार्थियों ने रोपे फलदार और औषधीय पौधे

**करंजिया।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शासन के निर्देशानुसार शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करंजिया में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और आमजन को पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन और सतत विकास लक्ष्यों के प्रति जागरूक करना रहा। विद्यालय में इको क्लब, पर्यावरण संरक्षण क्लब के तत्वावधान में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अभियान के तहत छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने मिलकर परिसर में फलदार और औषधीय प्रजातियों के पौधे रोपे।



## खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों को दी गई पराली प्रबंधन एवं आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी

**नवभारत, बालाघाट।** कृषि विभाग द्वारा संचालित 'खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत किरनापुर विकासखंड की ग्राम पंचायत हिर्री में किसानों के लिए जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को पराली प्रबंधन, डीएसआर खेती तकनीक, ई-टोकन आधारित खाद वितरण प्रणाली तथा खरीफ फसलों के लिए उपलब्ध उन्नत बीजों की जानकारी प्रदान की गई।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि कृषि विभाग का उद्देश्य किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती पद्धतियों से जोड़कर उत्पादन लागत कम करना और आय में वृद्धि करना है। इसी उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के महत्व से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान कृषि अधिकारियों ने किसानों को बताया कि फसल कटाई के बाद खेतों में बची पराली को जलाने से भूमि की उर्वरता प्रभावित होती है तथा पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। पराली जलाने से मिट्टी में मौजूद लाभकारी सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की उत्पादकता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। किसानों को पराली को खेत में मिलाकर जैविक खाद के रूप में उपयोग करने तथा कृषि यंत्रों की सहायता से उसका वैज्ञानिक प्रबंधन करने की सलाह दी गई।

# विश्व साईकिल दिवस पर सीआरपीएफ जवानों ने निकाली रैली

### स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**नवभारत, बालाघाट।** विश्व साइकिल दिवस 2026 के अवसर पर 123वीं बटालियन सीआरपीएफ, भरवेली द्वारा साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली में अधिकारियों एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास का संदेश दिया।

साइकिल रैली का शुभारंभ कमांडेंट हजारी लाल एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस दौरान कमांडेंट हजारी लाल ने कहा कि विश्व साइकिल दिवस मनाने का उद्देश्य साइकिल को एक सरल, सुलभ, किफायती और पर्यावरण अनुकूल परिवहन साधन के रूप में बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि साइकिल का नियमित उपयोग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि वायु प्रदूषण, यातायात का दबाव और ईंधन की खपत कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण और जीवनशैली से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याएं गंभीर चुनौती बन चुकी हैं। ऐसे में साइकिल एक प्रभावी और व्यवहारिक विकल्प के रूप में उभर रही है, जो स्वस्थ जीवनशैली और स्वच्छ पर्यावरण दोनों को बढ़ावा देती है।

रैली के दौरान सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ समाज और सतत विकास के लिए साइकिल उपयोग को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। साथ ही आम नागरिकों से भी छोटी दूरी की यात्राओं के लिए साइकिल को प्राथमिकता देने और हरित भविष्य के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की गई।




# रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल ने रचा इतिहास, डिस्ट्रिक्ट अवॉर्ड समारोह में 4 प्रतिष्ठित पुरस्कारों सहित मिले अनेक सम्मान

**नवभारत, बालाघाट।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 द्वारा विगत दिनों रायपुर में आयोजित 'आभार मित्रों का' थैंक्स गिविंग सेरेमनी एवं डिस्ट्रिक्ट अवार्ड सेरेमनी में रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अनेक प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त कर बालाघाट जिले को गौरवान्वित किया। क्लब की इस उपलब्धि से समस्त रोटेरियनों एवं जिलेवासियों में हर्ष का वातावरण है।

समारोह में क्लब अध्यक्ष रोटेरियन संदीप असाटी को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व, सेवा कार्यों के प्रति समर्पण एवं क्लब द्वारा वर्षभर किए गए उल्लेखनीय सामाजिक कार्यों के लिए डायनामिक प्रेसिडेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। वहीं रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल को जिला उत्कृष्टता पुरस्कार (मीडिया), जिला उत्कृष्टता पुरस्कार (स्प्लैश) तथा जिला उत्कृष्टता पुरस्कार (युवा सेवा) से सम्मानित किया गया।

इसके अतिरिक्त क्लब लर्निंग फैसिलिटेटर रोटेरियन सी.ए. बलजीत सिंह छाबड़ा को युवाओं के नेतृत्व विकास एवं व्यक्तित्व निर्माण हेतु आयोजित रोटरी की महत्वपूर्ण परियोजना रोटरी यूथ लीडरशिप अवार्ड्स (रायला) के सफल संचालन एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए सर्वश्रेष्ठ रायला चेयरमैन अवार्ड प्रदान किया गया।

वहीं पूर्व अध्यक्ष एवं क्लब मेंटर रोटेरियन कमलजीत सिंह छाबड़ा को रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 में वर्षभर आयोजित विभिन्न गतिविधियों, सेवा परियोजनाओं एवं जिला स्तरीय आयोजनों में उनके महत्वपूर्ण योगदान, नेतृत्व एवं सक्रिय सहभागिता के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि रोटरी इंटरनेशनल डायरेक्टर 2027-29 एवं पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन वासुदेव गोलियान, नेपाल थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एडवोकेट रोटेरियन विवेक तन्खा, राज्यसभा सांसद रहे। यह सम्मान समारोह वर्तमान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अमित जायसवाल एवं डिस्ट्रिक्ट फर्स्ट लेडी रोटेरियन पल्लवी जायसवाल की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इसके साथ ही पी.डी.जी. रोटेरियन राकेश चतुर्वेदी (रिटायर्ड प्रिंसिपल सी.सी.एफ., छत्तीसगढ़ शासन), पी.डी.जी. रोटेरियन एस.पी. चतुर्वेदी, पी.डी.जी. रोटेरियन सुभाष साहू, पी.डी.जी. रोटेरियन शशि वरवंडकर, पी.डी.जी.रोटेरियन राकेश दवे, पी.डी.जी. रोटेरियन मेजर दीपक मेहता एवं डिस्ट्रिक्ट लर्निंग फैसिलिटेटर रोटेरियन पी.डी.जी. शशांक रस्तोगी, नवनिर्वाचित डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 2026-27 रोटेरियन आलम सिंह रूपरा, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नॉमिनी रोटेरियन भानु प्रताप सिंह चैधरी तथा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नॉमिनी डिजिग्नेट रोटेरियन नवीन भावसार की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की शोभा को और बढ़ाया।

# आरोह-2026 कराते शिविर का समापन, 119 खिलाड़ियों ने लिया प्रशिक्षण

**नवभारत, बालाघाट।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित आरोह-2026 कराते ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का समापन जिला मुख्यालय बालाघाट में हुआ। जिला खेल अधिकारी राहुल बारेसा के नेतृत्व में एक माह तक चले इस शिविर का आयोजन जिला मुख्यालय सहित विभिन्न विकासखंडों के खेल मैदानों में किया गया।

मुलना स्टेडियम स्थित जिला खेल प्रशिक्षण केंद्र में विभागीय कराते प्रशिक्षक सजिन्द्र कृष्णन के मार्गदर्शन में संचालित शिविर में कुल 119 खिलाड़ियों ने भाग लिया। ऑनलाइन पंजीयन के आधार पर आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में नवागत और वरिष्ठ खिलाड़ियों को कराते का प्रशिक्षण दिया गया। विशेष बात यह रही कि शिविर में बालकों की अपेक्षा बालिकाओं की भागीदारी अधिक रही।

जिला कराते प्रशिक्षक सजिन्द्र कृष्णन ने बताया कि आत्मरक्षात्मक खेल युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ आत्मविश्वास भी प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि कराते जैसे खेल बालिकाओं और युवतियों को विपरीत परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा करने की क्षमता विकसित करने में मदद करते हैं।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने खिलाड़ियों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए युवाओं से मोबाइल और नशे की आदतों से दूर रहने तथा खेल गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास का विकास करते हैं। साथ ही उन्होंने बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए कराते जैसे खेल सीखने की आवश्यकता पर बल दिया।

# कांग्रेस विधायक दल की बैठक में विधायक मधु भगत ने लिया भाग

### कांग्रेस एकजुट, मीनाक्षी नटराजन की जीत सुनिश्चित : विधायक मधु भगत



**नवभारत, बालाघाट।** आगामी 18 जून को होने वाले राज्यसभा चुनाव को लेकर राजधानी भोपाल में कांग्रेस विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कांग्रेस के राज्यसभा प्रत्याशी सुश्री मीनाक्षी नटराजन, , प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी , प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी,विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिघार हित पार्टी के सभी विधायक एवं वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। बैठक में परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक भी उपस्थित रहे और चुनावी रणनीति पर आयोजित चर्चा में सक्रिय सहभागिता निभाई।

बैठक के दौरान राज्यसभा चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति, विधायकों की भूमिका तथा संगठनात्मक एकजुटता पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। कांग्रेस नेतृत्व ने सभी विधायकों से समन्वय बनाए रखते हुए पार्टी उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि कांग्रेस पूरी मजबूती और एकता के साथ चुनाव मैदान में उतर रही है तथा पार्टी के सभी जनप्रतिनिधि संगठन के निर्णय के साथ मजबूती से खड़े हैं।

बैठक के बाद विधायक मधु भगत ने कहा कि कांग्रेस पूरी तरह संगठित और एकजुट है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर कांग्रेस विधायकों की छवि को संदिग्ध बनाने तथा भ्रम फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक तत्व जानबूझकर ऐसी चर्चाओं को हवा दे रहे हैं, जिनका वास्तविकता से कोई संबंध नहीं है। कांग्रेस के सभी विधायक पार्टी की विचारधारा और नेतृत्व के प्रति प्रतिबद्ध हैं तथा राज्यसभा चुनाव में पार्टी उम्मीदवार के समर्थन में पूरी मजबूती के साथ खड़े हैं।

विधायक भगत ने कहा कि कांग्रेस के पास अपने प्रत्याशी को विजयी बनाने के लिए पर्याप्त संख्या बल मौजूद है। पार्टी के भीतर किसी प्रकार का मतभेद नहीं है और सभी विधायक एकजुट होकर चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व के मार्गदर्शन में चुनावी रणनीति तैयार की गई है और पार्टी का प्रत्येक विधायक उसे सफल बनाने के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव को लेकर विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम और अटकलों का कोई आधार नहीं है। कांग्रेस संगठन मजबूत है और उसके जनप्रतिनिधि पूरी निष्ठा के साथ पार्टी के निर्णयों का पालन कर रहे हैं। विधायक मधु भगत ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन की जीत निश्चित है और उन्हें राज्यसभा सदस्य बनने से कोई नहीं रोक सकता।

# पुनीत सागर अभियान के अंतर्गत पीजी कॉलेज की एनसीसी कैडेट्स ने की वैनगंगा घाट की सफाई, दिया स्वच्छता का संदेश




**नवभारत, बालाघाट।** सामाजिक सेवा एवं सामुदायिक विकास गतिविधि के तहत,6 एम.पी. बटालियन एनसीसी बालाघाट के कमान अधिकारी वी. के. गुप्ता के मार्गदर्शन एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के संरक्षण में एनसीसी कैडेट्स द्वारा पुनीत सागर अभियान एवं स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत 8 जून 2026 वैनगंगा नदी स्थित शंकर घाट पर स्वच्छता अभियान संचालित किया गया।

इस अवसर पर एनसीसी कैडेटों ने घाट परिसर एवं नदी तट पर फैले प्लास्टिक कचरे तथा अन्य अपशिष्ट पदार्थों को एकत्रित कर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान का उद्देश्य जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखना पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना था। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ गजानन कटरे के दिशा-निर्देशन में संपन्न हुआ। सरदार पटेल विश्वविद्यालय के कैडेट्स द्वारा किए गए इस पवित्र एवं सराहनीय कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

कार्यक्रम के दौरान कैडेटों ने स्थानीय नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने तथा नदियों एवं जलाशयों को प्रदूषणमुक्त रखने की अपील की। एनसीसी कैडेट्स द्वारा किया गया यह प्रयास समाज को स्वच्छता एवं नदी संरक्षण के प्रति जागरूक करने तथा प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एनसीसी कैडेट्स द्वारा आयोजित यह अभियान स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण के निर्माण तथा जल संरक्षण के प्रति जनभागीदारी बढ़ाने का एक सराहनीय प्रयास सिद्ध हुआ।